ST. MARGARET SR. SEC. SCHOOL

D-Block, Prashant Vihar, Rohini, Delhi - 110085

MID-TERM EXAMINATION 2024-25

विषय**:** हिंदी

कक्षा**:** छठी

नमूना पत्र

खंड – क

प्रश्न 1 निम्नलिखित गद्यांश के आधार पर प्रश्नों के उत्तर दीजिए | **(1x 6 = 6)**

पेड़-पौधों के साथ मानव का बहुत पुराना संबंध है। वृक्षों के अभाव में जीवन की कल्पना भी नहीं की जा सकती। पेड़-पौधे मनुष्य की अनेक प्रकार की आवश्यकताओं की पूर्ति करते हैं। ये केवल सौंदर्य और सुरक्षा के साधन मात्र नहीं हैं अपितु हमारे जीवन दाता भी हैं। जिस प्रकार माता अपने बच्चों का पालन-पोषण करती है, वैसे ही पेड़-पौधे भी हमें शुद्ध वायु देकर जीवित रखते हैं। पेड़-पौधों से प्राप्त अनेक पदार्थों पर अनेक उद्योग-धंधे आश्रित रहते हैं। ये वातावरण को शुद्ध करने के साथ-साथ प्रदूषण भी रोकते हैं।

दुर्भाग्यवश जिस प्रकार वनों को काटा जा रहा है, उसके कारण सूखा, बाढ़, भूकंप जैसी प्राकृतिक विपत्तियों का सामना करना पड़ रहा है। भारतीय संस्कृति में तो अनेक वृक्षों को पवित्र माना गया है। वृक्षों के महत्व को ध्यान में रखते हुए हमारी सरकार ने वन महोत्सव का कार्यक्रम प्रारंभ किया है जो प्रतिवर्ष जुलाई माह में मनाया जाता है।

(क) गद्यांश का उचित शीर्षक लिखिए |

(ख)वनों के काटने से क्या दुष्परिणाम हो रहे हैं?

(ग) वन महोत्सव कब मनाया जाता है?

(घ) हमारे जीवन दाता हैं

i. मनुष्य
ii. सौंदर्य
iii. पेड़-पौधे

(ङ)वातावरण को शुद्ध करने में किसका हाथ है?

i. जानवरों का
ii. मनुष्यों का
iii. पेड़-पौधों का

(च) 'आश्रित' शब्द का विलोम होगा-

i. आकर्षित
ii. निराकर्षित
iii. निराश्रित

खण्ड - ख

प्रश्न 2 व्याकरण पर आधारित प्रश्नों के उत्तर दीजिए |

क) सकर्मक व अकर्मक क्रिया छाँटिए। (0.5 x 2 = 1)

i. वह पत्र लिख रहा है।
ii. वह अपना काम कर रहा है|

ख) निम्नलिखित मुहावरों के अर्थ लिखकर वाक्य में प्रयोग कीजिए | (1 x 2 = 2)

i) आसमान सिर पर उठाना (ii) अंगूठा दिखाना

ग) दिए गए शब्दों में से प्रत्यय अलग कीजिए। (0.5 x 4 = 2)

i) सजावट ii) भारतीय iii) मूर्खता iv) दूधवाला

घ) मूल शब्द व उपसर्ग अलग कीजिए। (0.5 x 4 = 2)

i) अनमोल ii) अवसर iii) निर्दोष iv) प्रभाव

ड़) रेखांकित शब्दों के संज्ञा के भेद लिखिए | (0.5 x 2 = 1)

i) सैनिक <u>वीरता</u> से लड़ा |

ii) मेरी दादी <u>रामायण</u> पढ़ती हैं

च) निम्नलिखित वाक्यों में से रेखांकित शब्द ढूंढ़कर उसके भेद लिखिए | (1 x 2 = 2)

i) मैं स्वयं गृहकार्य कर लूँगी |

ii) तुम्हारा घर कहाँ पर है?

खंड - ग

प्रश्न 3 निम्नलिखित पठित गद्यांश को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर दीजिए | (1 x 5 = 5)

राजप्पा ने नागराजन के अलबम को देखने की इच्छा कभी नहीं प्रकट की। लेकिन जब दूसरे लड़के उसे देख रहे होते तो वह नीची आँखों से देख लेता। सचमुच नागराजन का अलबम बेहद प्यारा था। पर राजप्पा के पास जितने टिकट थे उतने नगराजन के अलबम में नहीं थे। पर खुद उसका अलबम कितन प्यारा था। इसे छू लेना कोई बड़ी बात थी। इस तरह का अलबम यहाँ थोड़ी मिलेगा।

(क) राजप्पा नागराजन का अलबम कैसे देखा करता था? [1]

(ख) नगराजन का अलबम कैसा था? [1]

(ग) राजप्पा अपने अलबम के बारे में क्या सोचा करता था? [1]

(घ) 'इच्छा' शब्द के दो पर्यायवाची लिखिए। [1]

(ङ) 'प्रिय' शब्द का अर्थ ढूँढ़कर लिखिए। [1]

प्रश्न 4 निम्न काव्यांश को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर दीजिए- (1 x 5 = 5)

गोल हैं खूब मगर
आप तिरछे नज़र आते हैं ज़रा।
आप पहने हुए हैं कुल आकाश
तारों, जड़ा;
सिर्फ मुँह खोले हुए हैं अपना
गोरा-चिट्टा
गोल-मटोल,
अपनी पोशाक को फैलाए हुए चारों सिम्त।
-खूब हैं गोंकि।

(क) यह पंक्तियाँ किस कविता से ली गई हैं? [1]
(ख) इस कविता में कौन किस से बात कर रहा है? [1]
(ग) चाँद का रंग कैसा है? [1]
(घ) उसने पोशाक कहाँ फैलाई हुई है? [1]
(ङ) सिम्त शब्द का अर्थ लिखिए। [1]

प्रश्न 5 निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए | (कोई 4) (2 x 4 = 8)

1. नागराजन के अलबम हिट हो जाने के बाद राजप्पा के मन की क्या दशा हुई?
2. माँ मोहन के ऐसे-ऐसे कहने पर क्यों घबरा गई?
3. 'टिकट-अलबम' पाठ में राजप्पा ने नागराजन के लिए क्या कहा?
4. 'नादान दोस्त' पाठ में केशव ने चिथड़े, दाना और पानी कार्निस पर क्यों रखा?
5. "आप पहने हुए हैं कुल आकाश" के माध्यम से लड़की क्या कहना चाहती है?

प्रश्न 6 निम्नलिखित में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर दीजिए- (3 X 2 = 6)

1. केशव और श्यामा आपस में ही सवाल जवाब करके अपने दिल को तसल्ली क्यों दिया करते थे?
2. राजप्पा ने नागराजन का टिकट अलबम अँगीठी में क्यों डाल दिया?
3. चाँद से थोड़ी-सी गप्पे कविता में चाँद का आकार कैसा है? फिर भी क्या वह छोटी लड़की को उसी आकार का दिखाई देता है?

प्रश्न 6. निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर अनुच्छेद लिखिए। (5)

प्रात:काल की सैर **अथवा** व्यायाम का महत्त्व

प्रश्न 7. मित्र को अपने जन्मदिन पर आमंत्रित करते हुए निमंत्रण पत्र लिखिए। (5)

प्रश्न 8 खेल अध्यापिका और आपके बीच हुई बातचीत को संवाद के रूप में लिखिए (5)

प्रश्न 9 दिए गए चित्र का वर्णन अपने शब्दों में करें | (5)